Reg. No. :- JH-11-0004329
# अपेम लाइव न्यूज
(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)
APEM LIVE NEWS सच का साथी
दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 10-04-2023 अंक 536
Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

## एक युवक ने की आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस



**अपेम लाइव : लातेहार**

महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड़ प्रखण्ड के चंपा पंचायत के ग्राम पुटरुंगी में रूपेश टोप्पो ( 25 वर्ष) पिता ईरन्यूस टोप्पो ने गांव के बगल में ही आम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।आत्महत्या के कारणों का पता अभी तक नहीं चल पाया है।गांव वालों और उसके घर वालों के अनुसार रात में खाना खाने के बाद रुपेश टोप्पो अचानक अपने घर से निकल गया और निकलने का बाद रात भर आया ही नहीं सुबह गांव वालों ने उसका शव आम के पेड़ में लटकता हुआ मिला।थाना प्रभारी आशुतोष यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।पुलिस जांच में जुट गई है इसे कारणों का जल्द ही पता लगा लिया जाएगा।

## दो बाईकों के बीच हुई जोरदार टक्कर में चालक घायल, एक रेफर



**अपेम लाइव : बरही**

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचमाधव के नजदीक हुई दो बाईकों की आपसी टक्कर में दोनों बाइक चालक घायल हो गए। घायलों में प्रसादी गोप उम्र 60 वर्ष पिता ननकु महतो जरहिया एवं मोहम्मद रफी उम्र 40 वर्ष पिता मो जाकिर शामिल जाओ। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रसादी गोप जरहिया से बरही बरही जा रहे थे और मो रफी भी धनवार से बरही की और जा रहे थे। इसी क्रम में जरहिया मोड़ के नजदीक मो रफी ने प्रसादी गोप को अपने चपेट में ले लिया। जिसमे दोनो बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो हुए। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से मो रफी को गंभीर चोट होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## बरही प्रखंड के विभिन्न बाजारों में होगा जय भारत सत्याग्रह के रूप में नुक्कड़ सभा का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड के कई सार्वजनिक स्थानों एवं बाजारों में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर बरही कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने प्रेस बयान जारी करते हुए सभी स्थानों के लिए प्रभारी नियुक्त किया। जिसमे गोरिया करमा बाजार के प्रभारी बरही प्रखंड के उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा को बनाया गया है। गोरिया करमा बाजार में 11 अप्रैल को कार्यक्रम होगा। गुड़िया विजैया बाजार में 12 अप्रैल को होगा। जिसके प्रभारी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी होंगे। वही करियातपुर बाजार में 13 अप्रैल को कार्यक्रम होगा। जिसके प्रभारी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ट नेता यमुना प्रसाद यादव को नियुक्त किया गया।

# दहेज उन्मूलन समिति महासभा उत्तरी छोटानागपुर झारखंड का 97वां अधिवेशन सम्पन्न




कार्यक्रम में शामिल अतिथि



कार्यक्रम में शामिल लोग


**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत ग्राम कटियोन में दहेज उन्मूलन समिति महासभा उत्तरी छोटानागपुर झारखंड का 97वां तीन दिवसीय अधिवेशन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष अनुज कुमार सिंह व संचालन प्रमंडलीय युवा अध्यक्ष रा. जसिंह चौहान ने किया। क्षत्रिय समाज के लोगों को संबोधित करते हुए क्षत्रिय महासभा के संरक्षक व पुर्व सभापति अवधेश सिंह ने कहा कि हमें समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर अपने बच्चों को शिक्षित और संस्कारवान बनाना होगा, तभी हमारा सर्वांगीण विकास सम्भव है। उन्होंने कहा कि समाज को चलाने के लिए सामाजिक बंधुओं में बर्दास्त करने की क्षमता होनी चाहिए, क्षत्रीय का अर्थ होता है सभी वर्ग के लोगों को छत्रछाया देना। वहीं क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष गोपाल सिंह ने कहा कि क्षत्रिय जाति नहीं वरन एक विचारधारा है। दूसरों की सहायता करने वाले, समाज एवं धर्म विध्वंसकों के खिलाफ आवाज उठाने वाले ही सच्चे क्षत्रिय होते हैं। इतिहास गवाह है कि राणा प्रताप के वंशज क्षत्रिय कुर्बानियों के लिए जाने जाते हैं। हम जाति से ही नहीं वरन मन, कर्म, वचन एवं धर्म के पक्के होते हैं। वहीं प्रमंडलीय युवा अध्यक्ष राजसिंह चौहान ने कहा कि आज बदलते हुए समय में लड़ाई व नेतृत्व की विधि बदली है। क्षत्रिय समाज के युवा पीढ़ी से आह्वान करता हूं कि अब कलम की धार को पहले तेज करें। उसके बाद तलवार की धार को। कार्यकारी अध्यक्ष अनुज सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि समाज को जोड़ने के लिए पूर्वजों से मिले संस्कृकारों को आधुनिक तकनीक के साथ आगे बढ़ाएं। कहा कि राजपूत समाज के पदाधिक. ारियों को एकजुट होकर समाज को नई दिशा देने के लिए आगे आना होगा। हम सब एकजुट होंगे, तभी समाज तेजी से प्रगति करेगा। समाज के हर तबके को मिलजुलकर संगठन को मजबूत करने के लिए सहयोग देने की आवश्यकता है। समाज के अनेक वीर देश के लिए बलिदान देकर अमर हो गए हैं। हमें उन वीरों से प्रेरणा लेकर समाज, प्रदेश और देश की समृद्धि, खुशहाली, एकता के लिए तैयार रहना चाहिए। मौके पर क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष गोपाल सिंह, प्रमंडलीय युवा अध्यक्ष राजसिंह चौहान, संरक्षक अवधेश सिंह, पंचायत समिति सदस्य विकास सिंह, तीन दिवसीय कार्यक्रम के अध्यक्ष अनुज कुमार सिंह, व्यवस्थापक समिति के अध्यक्ष सिद्धेश्वर सिंह, सचिव बसंत सिंह, कोषाध्यक्ष दिनेश्वर सिंह, संरक्षक लक्ष्मी नारायण सिंह, सदस्य दिगंबर सिंह, सुजीत सिंह, कृष्णा सिंह, मिथलेश सिंह, धीरेंद्र सिंह, शिक्षक संजय सिंह, संजय सिंह, रामलखन सिंह, कन्हाय सिंह, सुखदेव सिंह, रविंदर सिंह, मंटू सिंह, केदार सिंह, जगदीश सिंह, उमेश सिंह, दिनेश्वर सिंह, उदय प्रताप सिंह, रामचंद्र सिंह, इशो सिंह, सतेंद्र सिंह, प्रभु नारायण सिंह, कैलाश पति सिंह, बिनोद सिंह, त्रिभुवन सिंह, राकेश सिंह, भोला सिंह, शम्भू सिंह, मनोज सिंह, सकलदेव सिंह, प्रमोद सिंह, बच्चू सिंह, प्रदुमन सिंह, अजय सिंह, देवेंदर सिंह, मुरारी सिंह, राकेश सिंह, संजय सिंह, त्रिभुवन सिंह, रविंद्र सिंह, भोला सिंह, प्रदुमन सिंह, नागेश्वर सिंह, अलग सिंह, सतीश सिंह, प्रभु नारायण सिंह, मिथिलेश सिंह, सतन सिंह आदि उपस्थित रहें।

# दनुवा घाटी में भीषण सड़क दुर्घटना, चार वाहनों में टक्कर

## राहत बचाव कार्य मे दिनभर जुटी रही चौपारण पुलिस, घण्टो सड़क रहा जाम





**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

बीते रात्रि दनुवा घाटी में भीषण सड़क दुर्घटना में चार वाहनों में टक्कर हो गया। दुर्घटना ग्रस्त वाहनों के कारण दनुवा घाटी में घण्टो सड़क जाम लगा रहा। राहत बचाव कार्य मे जुटी चौपारण पुलिस ने सड़क जाम हटाया व घायलों को अस्पताल पहुंचाया। सरिया लदा एक वाहन खाई में जा गिरा जिसमे चालक व उपचालक के दबे होने की सूचना दिनभर बना रहा। हालांकि पुलिस ने किसी के मौत की पुष्टि अब तक नही किया है। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि दनुवा घाटी में कोयला लदा जेएच 09 एजे 1477 ट्रक दुर्घटना ग्रस्त होकर खड़ा था। सब्जी लदा एक अज्ञात वाहन ने खड़ी ट्रक को टक्कर मार कर फरार हो गया। कुछ देर बाद आरजे 01 जीसी 6874 सरिया लदा वाहन भी खड़ी गाड़ी से जा टकराया और सड़क के दूसरे तरफ जा पलटा। कुछ देर बाद झारखण्ड से बिहार की ओर सरिया लदा यूपी 75 एटि 4333 ट्रक दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के समीप जाकर अनियंत्रित होकर 30 फिट खाई में जा गिरा। चालक व उपचालक के नही अता पता होने की स्थिति में पुलिस ने खाई में गिरे ट्रक से सरिया को खाली करने की प्रक्रिया चल रहा था। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पुष्टि नही हो पाया है। दुर्घटना के बाद घंटो यातायात प्रभावित रहा, गाडियो की लंबी कतार लगा रहा है। मालूम हो की दनुवा घाटी में लगातार दुर्घनाओं का दौर जारी है।



दिनांक: 10-04-2023

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

पेज संः 02

# श्रीरामनवमी महासमिति करियातपुर ने किया सम्मान समारोह का आयोजन



सम्मान समारोह में शामिल अतिथि



थाना प्रभारी को सम्मानित करते अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा



कार्यक्रम में शामिल लोग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में रामनवमी पूजा के सफल आयोजन होने के उपलक्ष्य में श्रीरामनवमी महासमिति करियातपुर के सौजन्य से हनुमान जन्मोत्सव सह अखाड़ा को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीरामनवमी महासमिति करियातपुर के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद एवं संच. ालन शिक्षक सुरेश साव ने किया। इस कार्यक्रम में बतौर अतिथि सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, अनुमंडलीय अस्पताल बरही के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार, कोबरा वाहिनी 203 के इंस्पेक्टर पंकज कुमार यादव, जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी, सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडेय उपस्थित रहें। इस दौरान उपस्थित अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया। साथ ही साथ अनवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्रीरामनवमी महासमिति करियातपुर के अंतर्गत सभी सात अखाड़ा के सदस्यों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।रामभक्तों को सम्बोधित करते हुए पुनि सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने श्रीरामनवमी महासमिति करियातपुर के पदा. धिकारियों, सदस्यों, एवं सभी अखाड़ा के साथ श्रद्धालुओं का धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से ही शांतिप. ूर्वक रामनवमी पूजा का सफल आयोजन किया गया। वहीं सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने करियातपुर रामनवमी महासमिति के पदाधिकारियों व सदस्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सबों के सहयोग से त्योहार शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हुआ। वहीं अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि रामनवमी व जुलूस के दौरान विभिन्न अखाड़ों ने पुलिस प्रशासन का बेहतर सहयोग रहा। उन्होंने बताया कि किसी भी धर्म या संप्रदाय का कोई भी त्यौहार हो, उसे प्रेम पूर्वक मनाना चाहिए। हम सभी को समाज में ऐसा काम करना चाहिए, जिससे किसी दूसरे धर्म के आस्था पर कोई ठेस ना पहुंचे। सम्मान समारोह करने का मुख्य उद्देश्य सभी का हौसला बढ़ाना है तथा आगे और भी ऐतिहासिक रूप रामनवमी पूजा का सफल आयोजन करना है। मौके पर धनवार पंचायत के मुखिया सह रामनवमी पूजा करियातपुर महासमिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, दुलमहा पंचायत के मुखिया नारायण यादव, समिति सचिव प्रदीप केशरी, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, उपाध्यक्ष अनिल केशरी, सहसचिव संतोष केशरी, सह संयोजक संतोष प्रजापति, समाजसेविका किरण वर्मा, शिक्षक सह सामाजिक कार्यकर्ता गोविंद प्रसाद, बिनोद प्रसाद, नरेश कुमार, नन्दलाल प्रसाद कुशवाहा, राजेश कुमार, अजीत कुमार, महेंद्र प्रसाद, मनोज कुमार, संजय प्रसाद, चन्दन कुमार, प्रकाश साव, तिलक यादव, केशो यादव, विकाश यादव, कमलेश कुशवाहा, मनोज केसरी, बाबुलाल पासवान, अमरजीत मेहता, विनय कुमार, सुनील ठाकुर, राजकुमार प्रसाद, खूबलाल महतो, गणेश साव, सकलदेव यादव, जागेश्वर साव, पप्पू वर्मा, धर्मेन्द्र प्रजापति सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## झारखंड राज्य पेंशनर समाज से जुड़े सात नए सदस्य, सभी का किया गया सम्मानित

### बरही स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराव की मांग, एसडीओ को सौंपा ज्ञापन





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड राज्य पेंशनर समाज अनुमंडल शाखा बरही की एक बैठक प्रखंड परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में हुई । जिसकी अध्यक्षता राजेंद्र प्रसाद रुखरियार एवं संचालन सचिव तोखन प्रजापति ने किया । बैठक में झारखंड राज्य पेंशनर समाज में 6 नए सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की । सदस्यता ग्रहण करने वालों में विनय कुमार सिन्हा, कार्तिक राना, सुधीर कुमार चौधरी , संजय कुमार सिंह, देवधारी प्रजापति एवं सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह शामिल हैं। सभी नए सदस्यों को अध्यक्ष सचिव के द्वारा माला पहना कर स्वागत किया गया । तत्पश्चात अखिल भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ नई दिल्ली के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मांग हेतु प्रधानमंत्री नई दिल्ली के नाम तथा पेंशनरों ने राज्य स्तरीय मांग हेतु मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के नाम पत्र को पढ़कर सभी सदस्यों को सुनाया गया एवं अनुमंडल पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा गया । राजेंद्र प्रसाद रुखरियार ने बताया की इंटरसिटी एक्सप्रेस एवं वंदे भारत एक्सप्रेस रांची पटना भाया हजारीबाग चलना सुनिश्चित हुआ है । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बरही अनुमंडल स्थित रेलवे स्टेशन में इसका स्ट०पेज नहीं है । यह स्टेशन अगल-बगल कर करीब-करीब छह प्रखंडों को का प्रतिनिधि करता है । जहां के लोग दूरदराज के लिए ट्रेन पकड़ने कोडरमा जाते हैं । अगर इन ट्रेनों का ठहराव बरही स्टेशन में हो जाता है तो इधर के यात्रियों का सुविधा होगा । अतः पेंशनर समाज मांग करता है कि उक्त ट्रेनों को बरही स्टेशन पर ठहराव देने का कष्ट करें। मौके पर राजेंद्र प्रसाद रुखरियार, राधानाथ भगत, मुरली मनोहर प्रसाद, सुखदेव पांडेय, अखिलेश्वर सिंह, सुशील कुमार गुप्ता, अब्दुल सत्तार अंसारी, रत्नेश्वर प्रसाद केसरी, सुधीर कुमार चौधरी, संजय सिंह, कार्तिक राना, विनय कुमार सिन्हा, भगवान प्रसाद, नारायण पंडित, सुखदेव, सहदेव सिंह ,बजरंग शर्मा ,देवधारी प्रजापति, तोखन प्रजापति, सिंधिया प्रसाद सिंह, अखिलेश चंद्र पांडेय, त्रिपुरारी पांडेय आदि लोग मौजूद थे।

## बरही : बढ़ते कोरोना को देखते अनुमंडलीय अस्पताल में मॉकड्रिल किया गया

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



लगातार बढ़ रहे कोरोना को देखते हुए सोमवार को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी की उपस्थिति में मॉकड्रिल किया गया। वहीं डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने मॉकड्रिल के बारे में जानकारी देते हुए कहा की मरीज द्वारा 108 एंबुलेंस के सूचना देकर बुलाया गया। एंबुलेंस से मरीज को आते ही अस्पतालकर्मियों ने मरीज को तुरंत स्ट्रेचर पर लिटाकर तुरंत ही वार्ड में ले गए। बेड पर लिटाकर ऑक्सीजन लगाने के साथ ही दवांए और वेंटिलेटर का प्रयोग भी किया गया। उन्होंने कहा की कोरोना से लड़ने के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल पूरी तरह तैयार है। साथ ही साथ उन्होंने लोगो के कोविड से सुरक्षित रहने के लिए मास्क लगाने की अपील भी की है।









डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 10-04-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## जया फैमिली रेस्ट्रो के संचालक ने अनाथ बच्चों के बीच बांटी खाद्य सामग्री

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : जया फैमिली रेस्ट्रो के 5 वर्ष पुरे होने के अवसर पर संचालक सागर कुमार ने अनाथालय में बच्चों के बीच फ़ास्ट फूड व्यंजन के अलावा बिस्किट, मिक्चर, चॉकलेट, केक, कॉपी, पेन, कोल्डड्रिंक, आइस्क्रीम का वितरण किया ।इस अवसर पर संचालक सागर कुमार ने बताया कि ग्राहकों का अपार स्नेह से ही प्रत्येक वर्ष यह अवसर प्राप्त होता रहा है ।इस मौके पर गौरव अग्रवाल, शशि कुमार, गजेंद्र कुमार, सोनू कुमार, धीरज कुमार, आशीष आदि उपस्थित थे ।

## स्किल्स ऑन व्हील्स रथ को उपायुक्त ने किया रवाना

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : समाहरणालय परिसर से उपायुक्त भोर सिंह यादव ने सोमवार को स्किल्स ऑन व्हील्स रथ को फीता काट कर रवाना किया ।इस रथ के द्वारा जिला अंतर्गत कक्षा 9 से कक्षा 12 के छात्र छात्राओं को स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षाश के बारे में पर्याप्त जानकारी को बढ़ावा देने और युवाओं के बेहतर भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किया जाएगा। ये रथ जिले अंतर्गत स्कूलों में जागरुकता लाने के साथ ही कौशल शिक्षा का प्रचार करेगा। षस्किल ऑन व्हील्सष रथ को आवश्यक प्रशिक्षण उपकरणों के साथ स्थापित किया गया है। स्कूल के छात्रों के लिए व्यावसायिक कौशल के चार सेट – बुनियादी इंजीनियरिंग, ऊर्जा और पर्यावरण, बागवानी और कृषि और गृह और स्वास्थ्य विज्ञान में कार्यशालाओं का आयोजन करेंगे। षस्किल ऑन व्हील्सष रथ के माध्यम से स्कूल के छात्र छात्राओं को व्यावसायिक कौशल के चार सेट का प्रशिक्षण दिया जाएगा ।इस दौरान परियोजना निदेशक आईटीडीए विंदेश्वरी ततमा, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, एनडीसी बंधन लांग, जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह, श्रम अधीक्षक लक्ष्मी कुमारी, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य, एमजीएनएफ, लातेहार उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ साप्ताहिक हाट में कांग्रेस द्वारा जय भारत सत्याग्रह यात्रा का आयोजन

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**




प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा विष्णुगढ़ साप्ताहिक हाट में जय भारत सत्याग्रह यात्रा का आयोजन किया गया। पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी के नेतृत्व में आयोजित सत्याग्रह यात्रा में कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। इसके बाद नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार केंद्र में सत्तासीन है तब से देश के लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। साम्प्रदायिक विद्वेष को बढ़ाकर अंग्रेजों की भांति फूट डालो–राज करो की नीति पर सरकार चल रही है। संवैधानिक संस्थाओं का असंवैधानिक इस्तेमाल किया जा रहा है। महंगाई एवं रोजगार सृजन पर सरकार नियंत्रण खो चुकी है। मुफ्त राशन का लोभ देकर जनता को बरगलाया जा रहा है। कांग्रेस के कार्यकाल में स्थापित सरकारी उपक्रमों को निजी हाथों में बेचा जा रहा है। कहा कि जब देश मे लोकतंत्र ही नहीं रहेगा तो देश का भविष्य खतरे में जा सकता है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को अडानी की कंपनी में बीस हजार करोड़ रुपये से जुड़े सवाल पूछने पर एक साजिश के तहत संसद सदस्यता समाप्त कर मोदी सरकार ने अपना असली चेहरा दिखा दिया है। इससे पूरे देश में गलत संदेश गया है। कांग्रेसियों ने लोगों से 2024 में भा. जपा को वोट के माध्यम से करारा जवाब देते हुए पुनः कांग्रेस सरकार को स्थापित करने की अपील की। मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र मिश्रा, विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, जिला सचिव सुनैना दुबे, प्रखंड सचिव गणपति स्वर्णकार, रामजन्म राय, इशाक अंसारी, हारुन अंसारी, कमल राम, जाकिर हुसैन, हफीज अंसारी, शिव प्रसाद लाहकार, अफरोज आलम, मेराज सरवर, आसिफ अंसारी, इरफान अंसारी, अकबर अंसारी आदि मौजूद थे।

## रामुकरमा के सहायक शिक्षक का असामयिक निधन, संघ ने आश्रितों को दिया 55 हजार का आर्थिक सहयोग

### पीड़ित परिवार को हर सम्भव मदद करता रहेगा संघ, : संजय दुबे

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



उत्क्रमित मध्य विद्यालय रामुकरमा में कार्यरत सहायक शिक्षक राजेन्द्र पंडित के असमायिक निधन की खबर सुनकर शिक्षा विभाग व सहायक शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। मौत की खबर सुनकर सहायक शिक्षक संघ चौपारण के अगुवाई व महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे आदि के उपस्थिति में मृतक के आ. श्रितों से मिलने उनके घर पहुँचे। इस दौरान संघ ने पीड़ित परिवार को 55,000 हज़ार का आर्थिक सहयोग देकर हर सभव मदद का भरोशा दिया। इस संदर्भ में प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे ने मृतक आत्मा के प्रति सवेदना प्रकट करते हुए कहा कि राज्य सरकार हमारी मांगे मानी रहती तो शायद आज मृत्तक सहायक शिक्षक के आश्रितों को अनुकम्पा पर नौकरी मिल जाती। श्री दुबे ने सरकार ने मांग किया कि जल्द ही हमारी माँगो पर सहानुभूति पूर्वक विचार नही किया गया तो पुनः आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। 20 वर्षो से हम सब शिक्षा का अलख जगा रहे है बावजूद सरकारें हमसब को उपेक्षित करती रही है। मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष रामावतार प्रजापति, सचिव सीताराम यादव, राज्य सदस्य सुधीर कुमार कौशल, राज्य पीओ बच्चु कुमार राणा, प्रखण्ड प्रवक्ता राजेश साव, बरही प्रखण्ड सचिव मनोज घोष उपाध्यक्ष रंजीत कुमार सक्रिय सदस्य अशोक कुमार यादव, गणेश साव, राकेश कुमार सिंह, भुनेश्वर साव, किशोर कुमार प्रजापति, राजकुमार रविदास, संजय यादव , तारकेश्वर राणा, महादेव साव, मनोज कुमार, परमेश्वर साव, गोपाल पाण्डेय , देवनारायण साव, जुराबती अंसारी सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## आर्य मिशन पब्लिक स्कूल बाराडीह में वार्षिक परिणाम घोषित बच्चों में दिखा

**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**



चंदवारा : प्रखंड के अंतर्गत आर्या मिशन पब्लिक स्कूल बाराडीह में सोमवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा सह कक्षा दसवीं के बच्चों का विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाम पंचायत की मुखिया पुष्पा देवी इस कार्यक्रम को विधिवत रूप से शुभारंभ कर सभी प्रतिभागियों को अंक प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं सभी अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विधार्थियों को पुरस्कार देकर उज्वल भविष्य की कामना की सीनियर वर्ग से कक्षा सातवीं की छात्रा नीतू कुमारी प्रथम, सुधीर कुमार द्वितीय स्थान और तृतीय स्थान रितेश कुमार एवं सतीश कुमार ने प्राप्त किया वहीं जूनियर वर्ग से स्वामी कुमार , आनंद कुमार, साजन कुमार, श्रवण कुमार, रौशन कुमार, शिवराज , ने प्रथम स्थान हासिल कर विधालय का नाम रौशन किया साथ ही साथ इंटर प्रथम वर्ष की छात्रा शीशम कुमारी, प्रियंका कुमारी प्रथम, एवं पुष्पा और ममता सिंह द्वितीय तथा तृतीय स्थान कोमल कुमारी ने हासिल की विधालय परिवार की योर सभी विद्यार्थियों की उज्वल भविष्य की कामना की गई इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विधालय के सभी शिक्षकगण सह प्रधानाचार्य प्रियांशु राज, मंटू कुमार, पिंटू कुमार, गजेंद्र कुमार, श्रुति कुमारी गीता कुमारी, अजय कुमार,आशुतोष कुमार, कुलदीप कुमार,और ददिलीप कुमार ने अहम भूमिका निभाई इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं इस मौके पर उपस्थित रहे।

## आजसू पार्टी का सरकार के जनविरोधी नीतियों व स्थानीय नियोजन नीति एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ सामाजिक न्याय मार्च 13 अप्रैल को

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार सरकार के जनविरोधी नीतियों एवं स्थानीय नीति नियोजन नीति एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ 13 अप्रैल गुरुवार को सामाजिक न्याय मार्च हजारीबाग समाहरणालय के समीप निकाला जाएगा । जिसे लेकर आजसू कार्यालय में बैठक की गई इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा व संचालन प्रखंड सचिव मनोज प्रसाद दांगी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से चर्चा कि गई कि 13 अप्रैल गुरुवार को समय 11:00 बजे आजसू पार्टी कार्यालय बड़कागांव से सैकड़ो लोग सरकार के जनविरोधी नीतियों एवं स्थानीय नीति,नियोजन नीति,अवैध उत्खनन, शिक्षा नीति , स्वास्थ्य नीति एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ सामाजिक न्याय मार्च किया जाएगा ।जिसमें आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा प्रखंड सचिव मनोज दांगी ने सभी पदा. धिकारी सदस्यों,बुद्धिजीवी मंच के तमाम पदाधिकारियों, चूल्हा प्रमुख, ग्राम प्रभारी, क्षेत्रीय प्रभारी से सम्मेलन को सफल बनाने का अपील किया गया । इसके अलावा 14 अप्रैल को आजसू कार्यालय बड़कागांव स्थित गुरुचट्टी में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जाएगी जिसमें अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को शामिल होकर बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करेंगे। मौके पर केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा प्रखंड सचिव मनोज प्रसाद दांगी, कामेश्वर महतो, सुरेश कुमार दांगी, राज मेहता, शंकर मिश्रा ,धीरेंद्र यादव, मोहित कुमार ,बादल कुमार, रामेश्वर महतो, शशि महतो, जगदेव महतो, अरुण कुमार महतो, रघुनाथ पांडे ,कृष्णा भोला चौधरी ,प्रमोद कुमार दास, रंजीत महतो ,बिरेंद्र प्रसाद, महेंद्र महतो, मनोज रजक ,कमलनाथ महतो अजीत कुमार,कृष्णा साव,सुरेश गिरी,वासुदेव महतो,के अलावा लोग उपस्थित थे।

## अंबेडकर जयंती समारोह के अध्यक्ष रघुनाथ राम, सचिव लखींद्र ठाकुर व कृष्णा राम कोषाध्यक्ष चुने गए

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : अंबेडकर भवन में भारत रत्न बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह मनाने के लिए बैठक रखी गई। जिसकी अध्यक्षता बड़कागांव प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत मेहता व संचालन मध्य पंचायत के मुखिया मो.तकरीमुल्लाह खान ने किया। सर्वसम्मति से धूमधाम से अंबेडकर की जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा स 13 अप्रैल को नगर भ्रमण सह मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएगी तथा 14 अप्रैल को बड़कागांव अंबेडकर चौक में स्थित आदम कद प्रतिमा बाबा. साहेब आंबेडकर को माल्यार्पण ,पुष्प अर्पित कर महासभा का आयोजन तथा अतिथियों के द्वारा भाषण कार्यक्रम रखा गया है।जिसके लिए एक समिति बनाई गई जिसका अध्यक्ष रघुनाथ राम, सचिव लखींद्र ठाकुर ,कोषाध्यक्ष कृष्णा राम ,संरक्षक मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता समाजसेवी संजय तिवारी, कृष्णा प्रसाद सिन्हा ,मुखिया तकरीमुल्लाह खान, उपाध्यक्ष उप मुखिया अमर राणा, नंदकिशोर भूईया, संयोजक पूर्व पंसस राजीव रंजन, रामेश्वर राम ,मीडिया प्रभारी संजय सागर ,संजय भुईयां, मना. रंजन मंत्री अजीत कुमार रवि, संजय निगम, संगठन मंत्री संतोष राम, गणेश राम, कैलाश राम, कार्यकारिणी सदस्य में विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिप सदस्य यासमीन निशा, पूर्वी पंचायत के मुखिया विमला देवी, पूर्व मुखिया विष्णु रजक, मुनेश राम, चेतलाल राम, महावीर राम ,महेश राम ,रामवृक्ष राम, रामचंद्र राम ,विनोद राम, संजय कुमार रवि, अशोक राम, शंभू रविदास, धर्मेंद्र राम, राजू कुमार ,जोगन राम, जीतु राम, महावीर राम, महेश्वरी राम ,चंदन गुरु एवं समस्त सदस्यगण ।

## प्रमुख पर्यटन स्थल सुग्गाबांध जलप्रपात को किया जा रहा है विकसित

**अपेम लाइव : लातेहार**
**उमेश यादव**



गारू/लातेहार : गारू प्रखंड के बारेसांढ़ थाना से 4 किमी दुरी पर स्थित जिले का प्रमुख पर्यटन स्थल सुग्गाबांध को विकसित किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष यहां देश के कोने-कोने से हजारों की तादाद में सैलानी आते हैं। प्रकृति की खूबसूरती देखने के लिए आये सैलानियों मानव निर्मित संसाधनों की कमी हमेशा महसूस करते रहे हैं। उपायुक्त के सराहनीय पहल द्वारा अब इस क्षेत्र को विकसित करने का कार्य शुरू हो चूका है। पर्यटकों को बेहतर सुविधा के लिए व स्थानीय ग्रामीणों के रोजगार के लिए सुग्गाबांध जलप्रपात में लकड़ी का पुल (वुडेन ब्रिज ) और पांच गजीबो का निर्माण कराया जा रहा है। इससे जलप्रपात के ऊपरी हिस्से तक पहुंचने पर्यटकों को काफ़ी आसानी होगा। वहीं व्यायाम करने के लिए विशेष केंद्रीय सहायता मद द्वारा जिम सामग्री लगाया गया है।









डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार   सहयोगी: सोनू पंडित,   एडिटिंग- सोनू पंडित   मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## कोरोना से निपटने को लेकर सदर अस्पताल में किया मॉक ड्रिल

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसी कड़ी में सोमवार लातेहार सदर अस्पताल में एसडीएम शेखर कुमार, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार व उपाधीक्षक डॉ. अरविंद कुमार की उपस्थिति में मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान अस्पताल में अ०क्सीजन सपोर्टेड बेड, आईसीयू बेड समेत जरूरी दवाओं की उपलब्धता का जायजा लिया गया। सदर अस्पताल में मॉक ड्रिल में एक डमी कोरोना संक्रमित मरीज की जानकारी मिलते ही उसे एंबुलेंस से अस्पताल लाकर इमरजेंसी में भर्ती कराने, जांच करने और तत्काल इलाज शुरू करने के लिए उपलब्ध संसाधनों को परखा गया। इसके अलावे ऑक्सीजन प्लांट, कोरोना वार्ड, वैंटिलेशन रूम, आईसीयू वार्ड में कमी को दूर करने का निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि कोरोना से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग तैयार है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में संसाधनों को अपडेट किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि कोरोना का खतरा उन लोगों में ज्यादा खतरनाक रूप ले लेता है, जो फेफड़े या किसी अन्य बीमारी से पहले से ग्रसित होते हैं। उन्होंने बताया कि वैसे लोग जिन्होंने वैक्सीन का डोज कंप्लीट नहीं किया है उनको भी फिर से संक्रमित होने का खतरा है। हालांकि, हार्ड इम्युनिटी की वजह से राज्य में बड़ी आबादी में एंटीबॉडी तैयार है लेकिन मॉक ड्रिल के साथ-साथ वैक्सीनेशन, मास्क का इस्तेमाल, दो गज की दूरी और सर्दी-खांसी के साथ बुखार होने पर कोरोना जांच कराना आज भी जरूरी है। एसडीएम शेखर कुमार ने कहा कि कोरोना से निपटने को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि कोरोना से बचाव को लेकर मुंह में मास्क जरूरी है। इस मौके पर डॉ. अखिलेश्वर प्रसाद, डॉ. नीलमणी कुमार, डीपीएम वेद प्रकाश, राजदेव कुमार, राजीव कुमार, अनुदीपा कुमारी समेत कई लोग मौजूद थे।







## मचान में लगी आग, दमकल के सहयोग से आग पर काबू पाई

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : बड़कागांव पश्चिमी पंचायत के तेलियातरी निवासी प्रवीण कुमार पिता खिरोधर महतो की मचान में रविवार रात 10:30 बजे अचानक आग लग गया। आग लगने के कारण भारी मात्रा में पुआल जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों एवं एनटीपीसी के दमकल के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। आग लगने का सही कारण पता नहीं चल पाया। आग लगने के कारण असामाजिक तत्वों को बताया जा रहा है। मचान में आग लगने से प्रवीण कुमार को जानवरों की चारा की कमी सता रही है। पुआल पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गया है। पश्चिमी पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार मेहता ने प्रशासन से बड़कागांव में चौबीसों घंटा एक दमकल उपलब्ध कराने साथ ही मुआवजे की मांग की है।

## कांग्रेस ने जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम चलाया ,भाजपा को कोसा

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : बड़कागांव प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसकी अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे एवं संचालन संजय कुमार के द्वारा किया गया। वही बतौर मुख्य अतिथि के रूप में 20 सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष हाजी तबस्सुम उप. स्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हाजी तबस्सुम ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार एक निकम्मी सरकार साबित हो रही है महंगाई चरम सीमा पर पहुंच गई है आम गरीब के लिए जीना मुश्किल हो गया है। वही प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने कहा कि राहुल गांधी की लोकप्रियता को देखते हुए साजिश के तहत भाजपा ने राहुल गांधी की सांसदी को समाप्त करवाई है आने वाला विधानसभा एवं लोकसभा में कांग्रेस पार्टी बेहतर प्रदर्शन कर पुनः परचम लहर आएगी लहराएगी ।
मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, संजय कुमार, जमाल सगीर, निरंजन कुमार, कुलेश्वर राम, राजेश रजक, सुखदेव साहू ,मोहन साहू , मोहम्मद अहमदुल्लाह ,छोटे खान, मोहम्मद शाहिद , महावीर महतो, संजय महतो, मोहम्मद फजरूद्दीन के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## बेलाही पैक्स के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए दिगम्बर भुइयाँ

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




बेलाही पैक्स का चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हो गया। बरवाडीह निवासी दिगम्बर भुइयाँ को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखण्ड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी कारू राम ने दिगम्बर भुइयाँ को प्रमाण पत्र सौंप कर पद व गोपनीयता का शपत दिलाया। इस संदर्भ में निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान तीन लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा था जिसमे कागजी प्रक्रिया के कारण दो का नामांकन रद्द हो गया। चुनावी मैदान में सिर्फ दिगम्बर भुइयाँ के उम्मीदवारी वैध पाया गया और उन्हें निर्वाचित घोषित किया गया। दिगंबर भुइयाँ ने कहा कि मुझे जो जिम्मेवारी दिया गया है उसका निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करूँगा। किसान हित मे जो भी निर्णय होगा उसके समर्थन में खड़ा रहूँगा। मौके पर भाजपा नेता सुधीर कौशल, कपिल देव यादव, खेमलाल रविदास, बबलू सिंह, विक्रम लाल, कार्तिक भुईयां, महरु सिंह, विकास भुईयां, पंकज कुमार, राहुल कुमार, सरवन कुमार आदि उपस्थित रहकर दिगम्बर भुइयाँ को जीत की बधाई दिया।

